# डम्पर ने बाइक सवार तीन खिलाड़ियों को कुचला, तीनों की मौत

## तीनों दोस्त कोटपूतली के नारेहड़ा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने जा रहे थे

**कोटपूतली, (निसं)।** गुरूवार सुबह घर से क्रिकेट प्रतियोगिता जीतने का सपना लेकर बाईक पर सवार होकर निकले तीन युवा क्रिकेट खिलाड़ियों की कस्बे के डाबला रोड़ स्थित ग्राम चोटिया के पास एक डम्पर की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। तीनों युवक पाटन की ओर से नारेहड़ा क्रिकेट मैच खेलने आ रहे थे। घटना खेल मैदान पहुंचने से करीब एक किलोमीटर पहले ही हो गई।



तीनों मृतक युवकों की फाईल फोटो।

- अलवर-सीकर स्टेट हाईवे पर हुआ हादसा, धुंध व घना कोहरा बताया जा रहा कारण
- घटना के बाद डम्पर चालक मौके से फरार, जबकि डम्पर को पुलिस ने जब्त कर लिया

सरूण्ड एसएचओ राजेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बाईक पर सवार होकर पाटन की ओर से आ रहे सीकर के खंडेला स्थित उदयपुरा ग्राम निवासी अमित (25) पुत्र फूलचन्द शर्मा, रिंगस निवासी विवेक (20) पुत्र अवधेश सहानी व पाटन के ग्राम पांचु खरकड़ा निवासी अमित (20) पुत्र तोताराम मीणा कोटपूतली की ओर आ रहे थे। चोटिया मोड़ पहुंचने पर कोटपूतली की ओर से जा रहे डम्पर ने इन्हें टक्कर मार दी। घटना इतनी खतरनाक थी कि डम्पर बाईक को करीब 200 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिससे बाईक में आग भी लग गई। घटना का मुख्य कारण सुबह-सुबह घनी धुंध व कोहरे को बताया जा रहा है।

भीषण दुर्घटना के कारण अमित शर्मा व विवेक सहानी की तो मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे घायल अमित मीणा को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल, कोटपूतली पहुंचाया गया। जहां से उसे जयपुर रैफर किया गया था कि अस्पताल परिसर के बाहर आते ही उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद डम्पर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि डम्पर को पुलिस ने जप्त कर लिया। हादसे के बाद मौके पर काफी दूर तक जाम भी लग गया। साथ ही भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने भीड़ को तीतर-बीतर कर यातायात को सुचारू करवाया। पुलिस ने तीनों शवों के पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए।

अमित के पिता तोताराम मीणा ने बताया कि तीनों अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी थे। नीमकाथाना के पाटन स्थित जीलो गांव में हाल ही में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में अमित की टीम ने ट्रॉफी भी जीती थी। अमित अपने घर से यह कहकर निकला था कि उसके दोनों दोस्त अमित शर्मा व विवेक सहानी ट्रेन से नीमकाथाना पहुंच गये है। जहां से बस के द्वारा पाटन आ रहे है। वहां से उनको लेकर नारेहड़ा में आयोजित हो रही क्रिकेट ट्रॉफी का मैच खेलने जाऊंगा। अल सुबह ही वह बाईक लेकर घर से चला गया। सुबह 10 बजे हमें पता चला कि तीनों का एक्सीडेंट हो गया। अस्पताल पहुंचे तो तीनों की मौत हो चुकी थी। नारेहड़ा में 21 हजार रूपयों की ट्रॉफी प्रतियोगिता हो रही थी। जिसका फाईनल गुरूवार को दोपहर एक बजे होना था। फाईनल में पहुंचने के बाद अमित ने दोनों को खेलने के लिए बुलाया था। अमित की दोनों से दोस्ती खेल के दौरान ही हुई थी। इसी के चलते उसने विशेष रूप से अपनी टीम से फाईनल खेलने के लिए अमित शर्मा व विवेक सहानी को विशेष रूप से बुलाया था। अमित के पिता मजदूरी, जबकि मां नरेगा मजदूर है। एक बड़ा भाई व बहन भी है।

शादीशुदा अमित एम.ए. की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहा था। फिलहाल उसके कोई संतान नहीं है। अमित के असमय निधन के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं खंडेला निवासी अमित शर्मा के पिता पूजा पाठ करवाते हैं। अमित के चचेरे भाई राहुल शर्मा ने बताया कि तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे अमित के भाई व बहन फिलहाल पढ़ाई कर रहे है। रिंगस निवासी विवेक सहानी ने बी फार्मा की पढ़ाई की थी, परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ा भाई व बहन है। पिता प्राईवेट कम्पनी में कर्मचारी, जबकि मां गृहणी है।

# 1.50 करोड़ रूपये के डोडा-पोस्त से भरी पिकअप पकड़ी

## पिकअप चालक ने नाकाबन्दी तोड़ पुलिस जाब्ते के प्राईवेट वाहन को टक्कर मारी

**सांचोर, (निसं)।** सांचोर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत करीबन एक करोड़ 50 लाख रूपये का भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त से भरी हुई पिकअप गाड़ी पकड़ी है। साथ ही एक लोडेड पिस्टल मय कारतूस बरामद किया।

- इससे पुलिस जाब्ता का प्राईवेट वाहन व पिकअप क्षतिग्रस्त होकर रुक गये

पुलिस अधीक्षक जिला सांचौर सागर के निर्देशानुसार जिले में 100 दिवसीय कार्य-योजना के क्रियान्वयन के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही जसाराम बोस आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचोर एवं मांगीलाल राठौड़आरपीएस वृताधिकारी वृत सांचोर के निकट सुपरविजन में दिनांक 18 जनवरी को नीम्बसिह थानाधिकारी पुलिस थाना झाब मय जाब्ता के लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही व हल्का गश्त हेतु थाना से रवाना होकर मौजा फागोतरा पहुँच नाकाबन्दी हेतू पुलिस पार्टी की दो टीम बनायी जाकर एक टीम को कस्बा फागोतरा में महादेव मन्दिर के आगे प्राईवेट वाहन से नाकाबन्दी करने के निर्देश दिये।

नीम्बसिह थानाधिकारी मय जाब्ता सरकारी वाहन के सरहद फागोतरा में पुनासा रोड पर पहुँच नाकाबन्दी शुरू की गयी। इस दौरान पुनासा की तरफ से वाहन पिकअप आया। जिसे थानाधिकारी नीम्बसिह मय जाब्ता ने बावर्दी ड्रेगन लाईट से रुकने का ईशारा किया। लेकिन पिकअप चालक ने नाकाबन्दी कर रहे पुलिस जाब्ता पर जायज राज कार्य करते हुए के बाधा डालते हुए पिकअप वाहन उपर डालने का प्रयास करते हुए पुलिस नाकाबन्दी तोड़कर पिअकप वाहन को फागोतरा की तरफ भगाने लगा। जिस पर थानाधिकारी मय जाब्ता ने सरकारी वाहन से पिकअप वाहन का पिछा शुरु किया तथा फागोतरा में नाकाबन्दी कर रही पुलिस पार्टी को हिदायत की गयी। जिस पर पिकअप वाहन जैसे ही आबादी फागोतरा में महादेव मन्दिर के आगे पहुँचा तो पूर्व से नाकाबन्दी में पिकअप वाहन को रुकवाने का प्रयास किया तो पिकअप चालक द्वारा नाकाबन्दी तोड़ने का प्रयास करने पर प्राईवेट वाहन को पिकअप वाहन के आगे डाला।

जिस पर पिकअप चालक ने नाकाबन्दी तोड़ पुलिस जाब्ता को जायज राज कार्य करते हुए पर जान से मारने की नियत से पिकअप वाहन को तेजगति से चलाते हुए पुलिस जाब्ता के प्राईवेट वाहन के टक्कर मारी। जिससे पुलिस जाब्ता का प्राईवेट वाहन व पिकअप क्षतिग्रस्त होकर रुक गये, मन थानाधिकारी मय जाब्ता सरकारी वाहन के पिकअप वाहन का पिछा करते हुए मौके पर पहुँचे।

इसी दौरान पिकअप चालक वाहन में से उतरकर पास स्थित महादेव मन्दिर की दीवार कूद कर खेत की तरफ भागने लगा। जिस पर थानाधिकारी मय जाब्ता ने पिकअप चालक का पीछा कर तलाश के प्रयास किये गये। लेकिन रात्रि का समय होने से अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भागने में सफल हो गया। उक्त वाहन पिकअप से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त कुल 722.810 किलोग्राम व एक पिस्टल मय मैग्जीन लोडेड कुल छह कारतूस जब्त किये जाकर मुलजिम के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट, आम्र्स एक्ट व आईपीसी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। जाकर अग्रीम अनुसंधान जारी है।

# कार सवार लोगों से बदमाशों ने छह लाख रुपए लूटे

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जवाहरनगर थाना इलाके में बीएसएनएल कार्यालय के सामने गली में गुरुवार करीब दो-ढाई बजे बैंक से छह लाख रुपए निकलवाकर कार में जा रहे दो जनों को बाइकों पर सवार छह बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने कार के शीशे तोड़े और दोनों व्यक्तियों की आंखों में मिर्च झौंक कर रुपयों की थैली लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नाकेबंदी कराई। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

- बदमाशों ने कार के शीशे तोड़े और दोनों व्यक्तियों की आंखों में मिर्च डालकर वारदात की

जानकारी के अनुसार हितेश कुमार, उसका साथी सुमित सेन व एक अन्य युवक एसबीआई बैंक से छह लाख रुपए निकलकवाकर पहले तो चहल चौक पहुंचे और वहां एक युवक को उतार दिया। इसके बाद हितेश कुमार व सुमित सेन कार से बीएसएनएल कार्यालय के सामने वाली गली से होते हुए रोड पर आ रहे थे। इसी दौरान करीब ढाई बजे दो बाइकों पर सवार होकर छह युवक आए। इन्होंने पहले तो कार पर ईंट फेंकी लेकिन कार नहीं रुकी। तभी एक बाइक आगे लगाकर कार रोक ली। इसके बाद इन युवकों ने कार के अगले शीशे को डंडे से तोडने का प्रयास किया और चोटें मारी। इसके बाद साइड शीशा तोड़कर हितेश कुमार व सुमित सेन की आंखों में मिर्च झौंक दी।

कार में आगे ही थैली में रखे छह लाख रुपए लूटकर बाइकों से फरार हो गए। आंखों में मिर्च पड़ने के कारण हितेश व सुमित यह नहीं देख पाए कि युवक किस तरफ गए। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। दिनदहाड़े से लूट की सूचना से पुलिसकर्मियों में हडकंप मच गया। पुलिस ने इलाके में नाकेबंदी कराई। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह, सीओ सिटी प्रशांत कौशिक, जवाहरनगर थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह व भारी जाब्ता मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मौका मुआयना किया और कार सवार युवकों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद कार को वहां से थाने में भेज दिया गया। पुलिस इलाके में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# उदयपुर में करोना संक्रमित तीन रोगी मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में गुरुवार को कोविड के 52 सैम्पल की जांच में तीन कोरोना पॉजिटिव पाए गए है। तीनो रोगी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि गुरुवार को कोविड के 52 सैम्पल लेकर जाँच की गयी जिसमें 49 नेगेटिव एवं 3 पॉज़िटिव पाया गया। दो पोजिटिव शहर से और एक ग्रामीण क्षेत्र से है। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 77हजार 128 कोरोना पॉज़िटिव आए जिसमें से 76 हजार 343 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज्ड हो गये है। 5 होम आयसोलेसोन में है। गुरुवार को पोजिटिव आये रोगी सेक्टर 9 और सवीना क्षेत्र से है। ग्रामीण क्षेत्र से एक रोगी खेरवाड़ा से है। चिकित्सा विभाग की टीम रोगी के घर पहुंची और रोगी की हिस्ट्री ली गई।

# ट्रांसफार्मर में खराबी से घरों में उपकरण जले

**पावटा, (निसं)।** गांव रामपुरा में ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण कई लोगों के घरों में बिजली उपकरण जल गए। करीब आधा दर्जन उपभोक्ताओं के घरों में लगे बिजली उपकरण जलने से उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है।

बुधवार शाम को गांव रामपुरा में अधिक घरों में अंधेरा छाया रहा। गांव रामपुरा में बुधवार शाम करीब पांच बजे अचानक बिजली की आपूर्ति कम ज्यादा होना शुरु हो गई। कुछ लोगों ने बिजली संचालित उपकरण बंद कर दिए जबकि कईयों के उपकरण अचानक एक झटके से चलते हुए बंद हो गए। जिसमें रामपुरा निवासी अर्जुनलाल वर्मा के घर में ट्रांसफार्मर जलने से घर का बिजली का सामान जल गया जिनमें फ्रीज, एलईडी, टीवी, कूलर, एसी, पंखा, विद्युत मोटर, आदि सारा सामान जल गया। जानकारी देने के बाद भी कोई भी विद्युत विभाग का कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके कारण धर्मेन्द्र गुर्जर, योगेश सैन, अजय, मानसिंह, भूपेन्द्र, अमित, रोहतास, इन्द्राज, पुरण, हरिराम, मुकेश सहित मौजूद ग्रामीणों ने रोष जताया। इस दौरान चेतन शर्मा ने एसडीएम वह एईएन को फोन पर पूरी घटना की जानकारी दी।



गांव रामपुरा में ट्रांसफार्मर में आई खराबी से घरों में बिजली उपकरण जल गए।

# आसाराम के समर्थकों ने उन्हीं के वकील व पैरोकार के साथ मारपीट की

## हाईकोर्ट परिसर में समर्थकों ने पेशी पर दिल्ली से आए वकील और पैरोकार को पीटा

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय के नए परिसर में गुरुवार को आसाराम के समर्थकों ने आसाराम के वकील के साथ मारपीट कर डाली। आसाराम की पैरवी करने के लिए दिल्ली से आए अधिवक्ता विजय साहनी से आसाराम के समर्थकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

जानकारी के अनुसार आसाराम की ओर से पेश की गई यशिका पर हाईकोर्ट मुख्यपीठ के कोर्ट नंबर 4 में सुनवाई होनी थी। इस याचिका में आसाराम का पक्ष रखने के लिए दिल्ली से अधिवक्ता विजय साहनी जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट के नए परिसर में आए हुए थे। जब वे पार्किंग में खड़ी अपनी कार के पास पहुंचे तो कुछ आसाराम समर्थक उनके पास आए और उनसे गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान अधिवक्ता विजय साहनी और उनके साथ आए एक व्यक्ति के साथ इन लोगों ने मारपीट कर दी। आसाराम के समर्थकों ने मारपीट के दौरान अधिवक्ता से कहा कि इतने सालों में भी तुम वकील लोग न्याय नहीं दिला पाए। इस घटना के बाद राजस्थान हाईकोर्ट परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया। वकीलों ने मारपीट करने वाले आसाराम के समर्थकों को पकड़ा। दो युवक अधिवक्ताओं के हत्थे चढ़ गए। इसके बाद इन्हें कोर्ट परिसर में मौजूद चौकी में ले जाया गया, जहां से कुड़ी थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया। पीड़ित अधिवक्ता ने दोनों के खिलाफ लिखित शिकायत कुड़ी थाने में पेश की है। इस घटना के बाद अधिवक्ताओं में भारी नाराजगी है।

राजस्थान हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया ने कहा कि अधिवक्ताओं का काम कोर्ट में याचिका करता का पक्ष रखना है फैसला देना नहीं। इस तरह से अधिवक्ताओं पर किए गए हमले बर्दास्त से बाहर है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि राजस्थान सरकार के पास एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करना पेंडिंग पड़ा है। जल्द से जल्द सरकार इस एक्ट को लागू करे। राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पुरोहित ने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट परिसर में प्रवेश को लेकर बने नियमों को सख्त किए जाने की जरूरत है। याचिकाकर्ता और अधिवक्ता के अलावा सामान्य लोगों को कोर्ट में प्रवेश नहीं दिए जाने का नियम है लेकिन यह लोग कैसे अंदर आ गए। इस तरह से पीड़ितों को न्याय दिलाने वाले अधिवक्ताओं पर यदि हमले होंगे तो अधिवक्ता अपने कर्तव्यों का निर्वाह कैसे करेंगे?

**एक संशय यह भी :-** आसाराम को गिरफ्तार किए जाने के बाद ऐसा कई बार हुआ है कि उनके समर्थक पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं और मीडियाकर्मियों के साथ मारपीट करके वहीं पर खड़े रहते हैं और अपने आप को गिरफ्तार करवा देते हैं। इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि वह आसाराम से मिलने के लिए सेंट्रल जेल में जाना चाहते हैं इसलिए इस तरह की हरकत को अंजाम देते हैं। कहीं इस बार भी अधिवक्ता से मारपीट के पीछे यही कारण तो नहीं यह पुलिस जांच के बाद पता चल पाएगा।

# आठ माह से लिव इन रिलेशन में रह रही महिला की मौत

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी थाना क्षेत्र के कालोटा पंचायत में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने मृतका के प्रेमी व उसकी मां पर हत्या का आरोप लगाया है। विवाहित पिछले आठ माह से लीव इन रिलेशन में रह रही थी।

- परिजनों ने प्रेमी व उसकी मां पर हत्या का आरोप लगाया

थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि रात को पुलिस को सूचना मिली कि अस्पताल में एक महिला को लाया गया है, जिसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटाई तो झुंगली थाना राजगढ़ निवासी सरोज (32) पुत्री सवाई सिंह कालोटा पंचायत की ढ ाणी मनोठी के रहने वाले किशन सिंह के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी, जिसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दी गई तो परिजन भी मौके पर पहुंचे। मृतका की मां कौशल्या देवी ने बताया कि उसकी बेटी का पहला विवाह टांई निवासी राजेंद्र के साथ 2008 में हुआ था, जो चार साल बाद उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया था, जिसके बाद वह घर पर ही रहने लगी थी, लेकिन पिछले आठ माह से सरोज मनोठी की ढाणी तन कालोटा निवासी किशन सिंह के साथ रहने लगी थी और मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही थी।

मृतका के दो बेटी व एक बेटा है, जो गांव के सरकारी स्कूल में पांचवी कक्षा में पढ़ाई करता है। मृतका के साथ उसका बेटा ही रहता था तथा बेटियों को ननिहाल में छोड़ रखा था। किशन सिंह ने शराब के नशे में चार-पांच दिन पहले भी उसकी बेटी के साथ मारपीट की थी तथा बुधवार को भी अपनी मां के साथ मिलकर उसे बेरहमी से पीटा, जिससे वह बेहोश हो गई। इस दौरान पड़ोसियों ने बेहोश होने पर सरोज को बबाई के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

किशन सिंह मजदूरी करता है तथा शराब का आदी है। इस दौरान परिजनों ने किशन सिंह व उसकी माता कृष्णा देवी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। थानाधिकारी ने बताया कि मतृका सरोज के शव का खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इस दौरान परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

**अनूपगढ़, (निसं)।** शहर के अंबेडकर चौक पर पिकअप और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया। दोनों को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर किया लेकिन बीकानेर पहुंचने से पहले ही रास्ते में छत्तरगढ़ के पास पिता ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद शव को छतरगढ़ अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर पुलिस को सूचना दी गई।

एक पिकअप अनूपगढ़ से श्रीविजयनगर की ओर जा रही थी और एक मोटरसाइकिल अनूपगढ़ की आईटीआई से अंबेडकर सर्किल की ओर आ रहा थी। जैसे ही दोनों वाहन अंबेडकर सर्किल पर पहुंचे तो दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक के हेलमेट पहना हुआ था। जैसे ही दोनों वाहनों की टक्कर हुई, पीछे बैठा हुआ व्यक्ति उछलकर पिकअप के शीशे से टकरा गया और मोटरसाइकिल चालक गिरने से गंभीर घायल हो गया। दोनों घायलों को राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां गंभीर हालत के चलते मोटरसाइकिल चालक हरचंद (39) पुत्र हुकमाराम निवासी करनीसर सूरतगढ़ और हुकमाराम (74) को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस ने बताया कि घायल हुकमाराम की बीकानेर पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। परिजनों के द्वारा इसकी सूचना छतरगढ़ पुलिस थाना में दी गई।

छतरगढ़ पुलिस ने शव को छतरगढ़ के राजकीय चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवाया और इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस को दी। सूचना मिलने पर एएसआई ग्यारसी लाल मीणा छतरगढ़ के राजकीय चिकित्सालय पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। उक्त प्रकरण में मृतक के बेटे जयपाल ने पिकअप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और दुर्घटना करने का मामला दर्ज करवाया है। मृतक के बेटे जयपाल ने बताया कि उसके पिता हुकमाराम और भाई हरचंद बाइक पर बरूवाला में रह रही उसकी बहन से मिलने के लिए जा रहे थे मगर रास्ते में ही यह दर्दनाक हादसा हो गया।

# मेरा सौभाग्य रहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल होने का अवसर मिला : राज्यपाल मिश्र

**मेहंदीपुर बालाजी, (निसं)।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर से लड्डू भेजे गए हैं। इन्हें गुरुवार को राज्यपाल कलराज मिश्र ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया।



राज्यपाल कलराज मिश्र, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजोरिया ने अयोध्या भेजे गए लड्डुओं के वाहनों को रवाना किया।

- राज्यपाल मिश्र ने मेहंदीपुर बालाजी द्वारा अयोध्या भेजे गए लड्डुओं के वाहनों को रवाना किया
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने बालाजी महाराज के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की

राज्यपाल के बालाजी मंदिर पहुंचने पर मंदिर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल मिश्र ने बालाजी महाराज के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल व महंत ने बालाजी मंदिर की वेबसाइट लॉन्च की। इसके बाद राम दरबार की पूजा अर्चना कर प्रसादी का भोग लगाया और अयोध्या के लिए लड्डुओं से भरे वाहनों को केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल ने अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक कार्यक्रम बताया। कहा कि वर्षों के संघर्ष के बाद भव्य मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। यह प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का अवसर है। राम मंदिर आंदोलन में शामिल होने के सवाल पर राज्यपाल मिश्र ने कहा मुझे तो इतने आनंद की अनुभूति हो रही है कि मेरे पास कहने को कोई शब्द नहीं है। मेरा सौभाग्य रहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल होने का अवसर मिला। उस दौरान कार सेवा हुई, गोलियां चलीं, जेल गए, शिलापूजन कार्यक्रम हुए, रथ-यात्रा निकली उन सब मूवमेंट का मैं साक्षी रहा। वर्षों के संघर्ष के बाद आज हम रामलला के भव्य मंदिर की दहलीज पर खड़े हुए हैं। 22 जनवरी को प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है।

यह भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का दिन है। इस दौरान राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजोरिया, सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री उमाशंकर शर्मा, राजस्थान क्षेत्र मंत्री सुरेश उपाध्याय, जयपुर प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल मीणा, कलेक्टर देवेंद्र कुमार, एडीएम बीना महावर, एएसपी शंकर लाल मीणा समेत प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे।